00000 एशिया कप हॉकी : जापान को हराकर भारतीय टीम बनी विजेता, भारतीय अंडर 18 हॉकी टीम में शामिल थे जबलपुर के दो उभरते हुए सितारे

# 2 हॉकी खिलाड़ियों ने शहर के साथ किया देश का नाम रोशन

▸ स्वर्ण पदक जीतकर बढ़ाया शहर के साथ देश का मान



**नवभारत, जबलपुर।** जापान में चल रही अंडर 18 हॉकी चैंपियनशिप एशिया कप में भारतीय मेन्स टीम ने जापान को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल करते हुए इतिहास रच दिया है। इस विजेता टीम में जबलपुर के दो उभरते हुए खिलाड़ी शामिल थे जिन्होंने न केवल शहर का बल्कि पूरे मध्यप्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। हॉकी मप्र के सचिव लोक बहादुर ने नवभारत को चर्चा के दौरान बताया कि विजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 3-3 लाख रुपए का इनाम दिया गया है। भारतीय हॉकी टीम में शामिल खिलाड़ियों में सदर निवासी आयुष रजक और शीतलामाई निवासी सिद्धार्थ बैन शामिल थे। जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। विदित हो कि 26 मई से 6 जून तक जापान में मेन्स अंडर 18 एशिया कप 2026 आयोजित किया गया था। जिसमें भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया। जानकारी के अनुसार हॉकी टीम में 18 खिलाड़ी शामिल थे।

### सेमीफाइनल में पाकिस्तान को दी थी मात

जानकारी के अनुसार भारतीय हॉकी मेन्स टीम ने सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 5-3 से हराया था। वहीं भारतीय गर्ल्स अंडर 18 टीम ने भी जापान में आयोजित एशिया कप में थर्ड पॉजीशिन में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीते हैं। इस दौरान गर्ल्स टीम ने कोरिया को 3-0 से हराकर पदक अपने नाम किया है।

विदित हो कि जापान में मेन्स के साथ गर्ल्स अंडर 18 एशिया कप 2026 भी साथ में चल रहा था। गर्ल्स टीम में शामिल जबलपुर संभाग की सिवनी निवासी नौसीम ने भी कांस्य पदक जीतकर नाम रोशन किया है।

### मध्यप्रदेश के 6 खिलाड़ी हुए थे चयनित

जानकारी के अनुसार भारतीय कोचिंग कैंप के सब जूनियर कैंप के लिए मध्यप्रदेश के कुल 6 खिलाड़ी चयनित हुए थे। जिनमें जबलपुर के दो खिलाड़ी और बाकी 4 मप्र के अन्य जिलों के थे। भारतीय टीम में जबलपुर के दो खिलाड़ी सिद्धार्थ बैन और आयुष रजक शामिल थे जबकि पूरे मप्र के 6 खिलाड़ी भारतीय टीम में शामिल रहे। विदित हो कि सबसे पहले 40 खिलाड़ियों को मप्र लेवल पर कोचिंग दी जा रही थी। इसके बाद जबलपुर के दोनों खिलाड़ियों का नेशनल टीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण चयन हो गया था।



आयुष रजक



सिद्धार्थ बेन

### भोपाल में ऑस्ट्रेलिया टीम आई थी

हॉकी मप्र के सचिव लोक बहादुर ने नवभारत को बताया कि हाल ही में भोपाल में 4 दिवसीय ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरिज खेली गई थी जिसमें मप्र की टीम में चयनित खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था फिर इसके बाद विजयी खिलाड़ियों ने एशिया कप में भाग लिया और जापान में जाकर अपने खेल को सभी के सामने प्रदर्शित किया।

### परिवार की माली हालत नहीं थी ठीक

सिद्धार्थ और आयुष को वर्ष 2017 से ट्रेनिंग दे रहे अधारताल निवासी कोच मोहम्मद शकील ने नवभारत को बताया कि उनके साथ अकबर खान भी कोच थे जिन्होंनें कड़ी मेहनत करके बच्चों का खेल निखारा और फिर उसका नतीजा आज सभी के सामने है। मोहम्मद शकील ने चर्चा के दौरान ये भी कहा कि जिन दो जबलपुर के बच्चों ने आज देश का नाम रोशन किया है उनके परिवार की माली हालत ठीक नहीं थी और कड़े संघर्षों के बीच उन दोनों ने कड़ी मेहनत की थी। आयुष रजक के पिता का करीब 5 माह पहले ही निधन हुआ था वहीं सिद्धार्थ बेन के पिता एक ऑटो चालक हैं जो अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं।

### यहां दी जाती थी ट्रेनिंग

मो. शकील, अकबर खान स्वर्ण पदक विजेता दोनों खिलाड़ियों के साथ हॉकी के खिलाड़ियों को केन्टोन्मेंट स्कूल और रानीताल हॉकी स्टेडियम में ट्रेनिंग देते रहे हैं। ये सिलसिला आज भी जारी है। बताया जा रहा है कि भारतीय टीम में शामिल जबलपुर के सिद्धार्थ बेन करीब 4 साल और आयुष रजक करीब 2 साल से भोपाल में ही रह रहे थे जहां वे मप्र हॉकी एकेडमी भोपाल की ओर से खेल रहे थे। इसके बाद मप्र हॉकी टीम में इनका चयन हुआ फिर भारतीय टीम में।

# जबलपुर को हराकर कटनी की टीम बनी विजेता

▸ सीएन सुब्रह्मण्यम स्मृति सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता




**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित सीएन सुब्रह्मण्यम स्मृति सीनियर महिला आमंत्रित चलित ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सुभाष ग्राउंड वेस्ट लैंड में जिला जबलपुर और कटनी के मध्य खेला गया। रोमांचकारी मुकाबले में कटनी ने जिला जबलपुर को मात्र 5 रनों से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

टॉस जीतकर पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए कटनी ने 117 रन बनाए। सोना होतवानी ने सर्वाधिक 17, प्रियांशी सिंह ने 15, भगवती कुशवाहा ने 14 तथा अर्पणा गुप्ता ने 12 रन की पारी खेली। जबलपुर से हिमांशी शर्मा ने 2 तथा सोनाली रजक, छवी झा, श्रद्धा धुर्वे, श्रद्धा चौधरी और मुस्कान कंथारिया ने 1-1 विकेट लिया।

### प्रियांशी व अपर्णा ने चटकाए 3-3 विकेट

जवाब में जिला जबलपुर के बल्लेबाज कटनी जिले के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती रहीं। कटनी की कप्तान प्रियांशी सिंह ने 19 रन के स्कोर पर 3 विकेट लेकर मैच पर अपनी पकड़ बनाई। जिला जबलपुर की टीम 112 रन पर ऑलआउट हो गई। केवल शान्वी उपाध्याय 58 रन की शानदार पारी खेलकर अंत तक संघर्ष करती रही और अंत में दुर्भाग्य पूर्ण तरीके से रन आउट हुई। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाया। कटनी की अपर्णा गुप्ता ने 3 तथा शिवानी धुर्वे 2 और मीना यादव ने एक विकेट लिया।

### शान्वी उपाध्याय बनीं सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज

प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज शान्वी उपाध्याय (जिला जबलपुर), गेंदबाज हिमांशी शर्मा (जिला जबलपुर) प्लेयर ऑफ द सीरीज अर्पणा गुप्ता (कटनी जिला) तथा प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच प्रियांशी सिंग (कटनी जिला) को तथा विजेता और उपविजेता की ट्रॉफी मुख्य अतिथिसुशील रजक और ओएफ खमरिया के महाप्रबंधक अशोक मीणा (विशिष्ट अतिथि) द्वारा मनोज सिंह ठाकुर (अध्यक्ष जबलपुर क्रिकेट क्लब), पवन सिंधिया, विद्यापति श्रीवास्तव, गोपाल दत्त जोशी, अंजनी सिन्हा, हरीश शर्मा, सीएन कृष्णन, सुकेश झा, प्रतीक खरे की उपस्थिति में प्रदान की गई।

# शक्ति केंद्र और बूथ सत्यापन पर मंथन

▸ मानिकपुर मंडल भाजपा की मासिक बैठक आयोजित

**शहपुरा नवभारत 5 जून।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मानिकपुर की मासिक बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती एवं आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से मंडल क्षेत्र के शक्ति केंद्रों एवं बूथों के सत्यापन कार्य की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश धुर्वे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की रीढ़ माने जाने वाले बूथ एवं शक्ति केंद्रों को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने पर जोर दिया। विधायक ने कहा कि भाजपा का संगठन बूथ स्तर तक मजबूत है और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा मिलती है।

### पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया

इस दौरान मंडल महामंत्री राजेंद्र तिवारी सहित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस बैठक में पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया गया।

# मैडम की मनमानी से त्रस्त मां-बेटे ने दी आत्महत्या की चेतावनी

**नवभारत उमरिया 6 जून।** प्रदेश सरकार भले ही सूबे में सुशासन, पारदर्शिता और कलेक्टर जनसुनवाई के बड़े-बड़े दावे करके अपनी पीठ थपथपाती हो, लेकिन जिले का परिवहन विभाग इन दावों की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है।

एक लाचार दिव्यांग महिला पिछले 6 महीनों से आरटीओ कार्यालय के चक्कर काट-काटकर पूरी तरह टूट चुकी है। हालत यह हो चुकी है कि उमरिया आरटीओ रमा दुबे की तानाशाही के आगे अब जिले के सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी भी असहाय नजर आ रहे हैं और सिस्टम से हारी यह महिला अपने पुत्र के साथ आत्महत्या करने की दहलीज पर खड़ी हो गई है।



### आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा : दुर्गेश

व्यवस्था के चक्रव्यूह में फंसा पीड़िता का पुत्र दुर्गेश सिंह रो पड़ता है। उसका कहना है कि उसकी मां दिव्यांग होने के कारण ज्यादा बोल नहीं पातीं, जिसका फायदा यह भ्रष्ट तंत्र उठा रहा है। हताश होकर उसने चेतावनी दी है कि हम पिछले 6 महीने से प्रताड़ित हो रहे हैं। आरटीओ मैडम काम नहीं कर रही हैं। अब हमारे पास आत्महत्या करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा है, क्योंकि हमारा सब कुछ छीन चुका है।

### निर्धारित शुल्क भी जमा कर दिया

दुर्गेश ने बताया कि रमा दुबे के पास बकायदा आवेदन दिया और प्रमिला सिंह ने आरसी निरस्त कराने के लिए आरटीओ परिवहन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर मांगी गई पूरी तकनीकी जानकारी दर्ज कर निर्धारित शुल्क भी जमा कर दिया। इसके बावजूद पिछले 6 माह से वह दफ्तर के चक्कर लगा रही हैं। पीड़ित महिला के पुत्र दुर्गेश सिंह का का आरोप बेहद गंभीर है। जब भी वे मैडम से मिन्नतें करने चौखट जाते हैं, तो उन्हें दुत्कार दिया जाता है।

### आयुक्त और मंत्री की चुप्पी

यह कोई पहला मामला नहीं है जब उमरिया आरटीओ की कारगुजारियों के खिलाफ किसी ने आत्मदाह या आत्महत्या की चेतावनी दी हो। इससे पूर्व भी कई वाहन मालिक इनकी तानाशाही और मनमानी की शिकायतें वरिष्ठ स्तर पर कर चुके हैं, लेकिन, ऐसा प्रतीत होता है कि परिवहन आयुक्त और विभागीय मंत्री ने इस आरटीओ को जिले में मनमानी करने की खुली छूट दे रखी है।

# इलाज तो छोड़िये, पीएम के लिये भी नहीं हैं डाक्टर

**नवभारत उमरिया 6 जून।** स्वास्थ्य और शिक्षा हर नागरिक की अनिवार्य एवं बुनियादी जरूरत है। सरकारें जनता से विभिन्न प्रकार के टेक्स इसी उद्देश्य से लेती हैं कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें, लेकिन जिले मे स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है।

लोगों का कहना है कि समय के साथ चिकित्सा व्यवस्था बेहतर होने के बजाय कमजोर हुई हैं। जानकारों के अनुसार जिला बनने से पहले, तहसील के समय भी यहां कई अनुभवी चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ पदस्थ थे। सीमित संसाधनों और जर्जर भवन मे भी मरीजों को बेहतर उपचार मिलता था, लेकिन वर्तमान मे स्थिति यह है कि उपचार तो दूर, पोस्टमार्टम के लिए भी दूसरे स्थान से डॉक्टर बुलाने पड़ रहे हैं।

### घंटों पड़ा रहा गुड्डू का शव

गुरुवार को सड़क दुर्घटना में मृत ग्राम बसाड़ी निवासी गुड्डू यादव के मामले मे भी ऐसा ही देखने को मिला। परिजन सुबह करीब 5 बजे जिला अस्पताल पहुंच गए थे, लेकिन चिकित्सक उपलब्ध नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका। बाद मे चंदिया में पदस्थ डॉ. मो. सैफ के पहुंचने पर लगभग 11 बजे पोस्टमार्टम की कार्यवाई पूरी की गई।



### डाक्टरों के 18 पद खाली

जानकारी के मुताबिक जिला चिकित्सालय मे विशेषज्ञ चिकित्सकों के कुल 30 पद स्वीकृत हैं, जबकि केवल 9 डॉक्टर ही पदस्थ हैं। सबसे अधिक दयनीय स्थिति नियमित मेडिकल ऑफिसरों की बताई जा रही है। अस्पताल में इनके 19 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 18 रिक्त पड़े हुए हैं। इसके अलावा एमबीबीएस एवं पीजी करने वाले 8 बॉंडेड डॉक्टरों की भी यहां पदस्थापना हुई थी, लेकिन उनमें से एक भी डॉक्टर ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया।

### इनका कहना है

जिला अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी है। सबसे ज्यादा और तत्काल जरूरत मेडिकल ऑफिसर्स की है। इसके लिये आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा भोपाल से व्यक्तिगत चर्चा की है। डीओ भी लिखा गया है। उम्मीद है कि इस विषय में विभाग जल्दी ही कार्यवाही करेगा और यह समस्या दूर हो जायेगी।

**राखी सहाय**
**कलेक्टर, उमरिया**

# 20 पर्यटन वाहन और चालकों में मिली खामियां

▸ बांधवगढ़ में चला नियम पालन निरीक्षण अभियान

**चिल्हारी नवभारत 5 जून।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश के निर्देश पर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला, मगधी और खितौली पर्यटन गेटों पर गुरुवार को पर्यटन नियमों के पालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत पर्यटक वाहनों, वाहन चालकों और पर्यटन आशय की जानकारी देते हुए क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि ताला पर्यटन गेट पर प्रात:कालीन सफारी पाली के दौरान शुरू हुई कार्रवाई मे पर्यटन संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच की गई।

### गाइडों की सघन जांच की गई

अधिकारियों ने वाहन संचालन, निर्धारित पर्यटन मार्गों का पालन, आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता, पर्यटकों के प्रति व्यवहार तथा वन्यजीव संरक्षण संबंधी नियमों के अनुपालन का निरीक्षण किया। साथ ही वाहन चालकों और गाइडों को नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। इस दौरान लगभग 20 पर्यटक वाहनों एवं वाहन चालकों मे विभिन्न प्रकार की कमियां पाई गईं। इनमें 16 मामलों में सामान्य उल्लंघन पाए जाने पर समझाइश देकर चेतावनी दी गई, जबकि चार वाहन चालकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई प्रारंभ की गई है।



### अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू

संयुक्त अभियान के दौरान पर्यटन गाइडों की भी जांच की गई। निरीक्षण मे कुछ गाइड पर्यटन नियमों और निर्धारित दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते पाए गए। ऐसे मामलों मे संबंधित गाइडों के विरुद्ध पर्यटन नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। अधिकारियों ने गाइडों को पर्यटकों के साथ व्यवहार, वन्यजीव संरक्षण तथा पर्यटन अनुशासन संबंधी नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

# भोलगढ़ घाट में डूबे युवक का शव मिला

**चिल्हारी नवभारत 6 जून।** जिले के इंदवार थाना क्षेत्र अंतर्गत सोन नदी के भोलगढ़ घाट में डूबे युवक आलोक द्विवेदी (14 वर्ष) का शव शनिवार सुबह नदी में उतराता हुआ सुबह पांच बजे मिला।

शुक्रवार शाम नदी में नहाने के दौरान तीन युवक डूबने लगे थे, जिनमें से आनंद द्विवेदी एवं आकाश द्विवेदी को सुरक्षित बचा लिया गया था, जबकि आलोक लापता हो गया था। घटना की सूचना पर एनडीआरएफ, जिला प्रशासन एवं स्थानीय गोताखोरों द्वारा सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन रात्रि होने के कारण अभियान बंद करना पड़ा। शनिवार सुबह पुन: तलाश शुरू की जानी थी, इसी दौरान आलोक का शव नदी में तैरता हुआ दिखाई दिया, जिसे बाहर निकाला गया।

### डॉ. शिव प्रजापति चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी की

घटना से पूरे झाल क्षेत्र में शोक का माहौल है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम करवाया गया। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पांडे ने आलोक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। मानवता की मिसाल पेश करते हुए डॉ. शिव प्रजापति स्वयं घटनास्थल पहुंचे और आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी की। उन्होंने बताया कि युवक काफी समय तक पानी में डूबा रहने के कारण उसकी मृत्यु हो चुकी थी।



**पश्चिम मध्य रेल**
विद्युत शाखा ▪ खुली निविदा
निविदा दिनांक 05.06.2026
ई-निविदा

**वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस), पश्चिम मध्य रेल, नई कटनी जंक्शन,** भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना क्रमांक:** एनकेजे-डीएलएस-एएमसी-कैब-एसी-टी-25, दिनांक 05.06.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहित: तीन फेस लोकोमोटिव के कैब की छत पर लगे हुए एसी यूनिटों का स्पेयर्स के रिप्लेसमेंट सहित दो वर्षों के लिए एनुअल मेन्टेनेंस कॉन्ट्रैक्ट। निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹ 52,62,243.80. **अर्नेस्ट मनी/बिड सिक्योरिटी राशि:** ₹ 1,05,300/-. **समापन अवधि:** 24 माह। **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय (12.00 बजे तक):** 29.06.2026. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाईट **http://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**
वाणिज्य विभाग, जबलपुर मंडल ▪ ई-बोली ▪ Earning and Leasing Contracts

**ई-ऑक्शन रद्द सूचना**

पूर्व में क्र. जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/पार्किंग/26, दिनांक 01.06.2026 के अंतर्गत निकाली गई निविदा जिसका लॉट क्र. PARKING-JBP-JBP-MX-71-26-1, PARKING-JBP-GAR-MX-73-26-1, PARKING-JBP-MWJ-MX-75-26-1 एवं PARKING-JBP-BRGW-MX-74-26-1 (ऑक्शन प्रारंभ एवं समाप्ती की तिथि 15.06.2026 थी) को तकनीकी कारणवश **रद्द** किया गया है।

**संशोधित ई-ऑक्शन सूचना**

क्र. जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/पार्किंग/26 दिनांक: 05.06.2026

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है।

**Category: पार्किंग ▪ Catalogue No.: JBP-Parking-26-2**

**Lot No.:** PARKING-JBP-MWJ-MX-75-26-2 (Parking-Mixed). **Asset Details:** मडवासग्राम स्टेशन पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल केवल तीन वर्षों के लिये। **Auction Start:** 18.06.2026, 13:00 Hrs. **Auction End:** 18.06.2026, 13:30 Hrs. **Lot No.:** PARKING-JBP-GAR-MX-73-26-2 (Parking-Mixed). **Asset Details:** गाडरवारा स्टेशन पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल केवल तीन वर्षों के लिये। **Auction Start:** 18.06.2026, 13:00 Hrs. **Auction End:** 18.06.2026, 13:40 Hrs. **Lot No.:** PARKING-JBP-JBP-MX-71-26-2 (Parking-Mixed). **Asset Details:** जबलपुर स्टेशन पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल केवल तीन वर्षों के लिये। **Auction Start:** 18.06.2026, 13:00 Hrs. **Auction End:** 18.06.2026, 13:50 Hrs. **Lot No.:** PARKING-JBP-BRGW-MX-74-26-2 (Parking-Mixed). **Asset Details:** बरगवा स्टेशन पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल केवल तीन वर्षों के लिये। **Auction Start:** 18.06.2026, 13:00 Hrs. **Auction End:** 18.06.2026, 14:00 Hrs.

संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर E-Auction Leasing मॉडयूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

*कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर